संख्या एस-18011/24/2015-एसबीएम

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन

12वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003
दिनांक: 02.07. 2015

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव
प्रभारी ग्रामीण स्वच्छता
सभी राज्य

विषय:- वर्ष 2015-16 के दौरान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निधियाँ जारी करना एमआईएस डाटा के साथ जोड़ना।

महोदय/महोदया,

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने एसबीएम (ग्रामीण) के अंतर्गत वास्तविक और वित्तीय प्रगति हासिल करने के लिए एक एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थी-वार ब्यौरे प्राप्त करने के लिए आईएमआईएस आगे और सुदृढ़ किया गया है। राज्यों ने लाभार्थी स्तर के ब्यौरों की प्रविष्टि करने का अनुकरणीय कार्य किया है तथा लगभग 93 प्रतिशत से अधिक बेसलाइन डाटा की आईएमआईएस में प्रविष्टि की है। हाल ही में खुले में शौच मुक्त ग्राम पंचायतों की मॉनीटरिंग करने के लिए एक मोड्यूल भी आईएमआईएस में शुरू किया गया है। एमआईएस ने कार्यक्रम की मॉनीटरिंग को बहुत प्रभावी बनाया है। अब सभी राज्यों से सूचना प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है और सूचना अधिकांशत: एक रीयल-टाइम डाटा के रूप में उपलब्ध है।

2. मंत्रालय द्वारा एमआईएस को डाटा के मुख्य स्रोत के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, नीति आयोग आदि जैसे उच्च कार्यालयों को ब्रीफ करने के लिए इस डाटा का उपयोग किया जा रहा है। यह डाटा विभिन्न संसद प्रश्नों/संसदीय समितियों के उत्तर देने के लिए भी प्रयोग किया जाता है।

3. इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि डाटा की अद्यतन सूचना दी जा रही है, अब यह निर्णय लिया गया है कि निधियों को जारी करना आईएमआईएस में उपलब्ध कराई गई सूचना से जोड दिया जाए। इसलिए वर्ष 2015-16 में, आगे से निधियाँ जारी किया जाना आईएमआईएस में दी गई वास्तविक और वित्तीय प्रगति की सूचना पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम की प्रगति की मॉनीटरिंग करने के लिए केवल आईएमआईएस डाटा ही सूचना का स्वीकार्य स्रोत होगा।

4. कृपया इसे सभी जिलों के ध्यान में लाया जाए और इस संबंध में समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

भवदीया,

(क्रिस्टीना कुजूर)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपि:- 1) एनबीए राज्य समन्वयकर्ता, सभी राज्य
2) तकनीकी निदेशक (एनआईसी) को वेबसाइट पर डालने हेतु